an>

Title: Need to check contamination of ground water caused by industrial effluents and other pollutants in Hathras Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री राजेश कुमार दिवाकर (हाथरस)ः मेरे संसदीय क्षेत्र हाथरस (उत्तर प्रदेश) में सासनी से गुजर रहे अलीगढ़ ड्रेन नाला के जहरीले पानी के कारण लोगों में कैंसर की बीमारी फैल रही है, क्योंकि जमीन का पानी इस नाले ने दूषित कर दिया है। इस नाले में पशुओं की अवैध कटाई के कारण बूचड़खाने से निकलने वाला खून तथा अन्य प्रकार का दूषित मलबा एवं फैक्टिरयों से निकलने वाले खतरनाक रसायन सीधे नाले में बहा दिए जाते हैं जिस कारण जमीन का पानी लगातार दूषित हो रहा है। खतरनाक रसायन के कारण तीव्र दुर्गन्ध उत्पन्न होती है और आस-पास के निवासियों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डाल रही है। इस दूषित नाले के कारण आस-पास के नलों का पीने वाला पानी भी दूषित हो गया है। नलों का पानी पीने से लोगों का स्वास्थ्य दिन-ब-दिन गिरता जा रहा है और कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जमीन का पानी दूषित हो जाने के कारण सब्जियों एवं अन्य फसलों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में तुरन्त प्रभाव से पीने के पानी की जांच कराई जाए एवं अवैध रूप से चल रही पशुओं की कटाई का खून एवं मलबा नाले में गिराने से रोका जाए और साथ ही साथ फैक्टिरयों में दूषित पानी को शुद्ध करने का प्लांट लगाया जाए ताकि लोगों के जीवन की रक्षा की जा सके।